Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

मंगलवार • 26.10.2021

अमर उजाला

ऊर्जा बचाने के लिए बाल भारती विद्यालय ने चलाया अभियान

नोएडा। ऊर्जा संकट को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-21 स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल ने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के तत्वावधान में ऊर्जा बचत अभियान चलाया। शिक्षिका नीरजा भटनागर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गैर-नवीकरणीय संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने और हरित ऊर्जा में सचेत रूप से स्विच करने के बारे में जागरूकता लाना है। इसमें स्कूल स्तर और सामुदायिक स्तर पर कई गतिविधियों का आयोजन होगा। स्कूली बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता के साथ ही जन जागरूकता लाने के लिए सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऊर्जा बचाने के लिए सर्कुलर और क्रिएटिव पोस्टर जारी किए गए हैं। ब्यूरो